**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 838**

**दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**दूरस्थ क्षेत्रों के रोगियों का चिकित्सा उपचार**

**838. श्री सुनील कुमार:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर बिहार के पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर और गोपालगंज तथा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गंभीर रोगियों को बेहतर इलाज सुविधाओं के लिए गोरखपुर, दरभंगा, पटना,लखनऊ और दिल्ली जाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या पटना और दिल्ली जैसे क्षेत्रों के अस्पताल उक्त क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आने वाले रोगियों को संभालने की स्थिति में हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिले के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए उक्त जिलों में एम्स की स्थापना करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ): "जन स्वास्थ्य और अस्पताल" राज्य का विषय है। तथापि, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई), जिसका उद्देश्य किफायती/विश्वसनीय विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करना और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधा केन्द्रों को बढ़ाना है, के तहत 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मंजूरी दी गई है, जिसमें बिहार राज्य में 2 एम्स शामिल हैं: एक एम्स पटना में जो पूर्णतया कार्यशील है और दूसरा एम्स दरभंगा में जिसके लिए राज्य सरकार ने सितंबर

2024 में 187.44 एकड़ जमीन सौंप दी है। इसके अलावा, बिहार में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के विस्तार और मजबूती के लिए, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत केंद्र-राज्य लागत साझाकरण के आधार पर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) के निर्माण के माध्यम से निम्नलिखित छह (06) सरकारी मेडिकल कॉलेजों / संस्थानों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है: (i) श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर (ii) दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दरभंगा (iii) जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, भागलपुर (iv) अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया (v) पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, पटना और (vi) इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान ।

पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में, बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****